# प्रेस विज्ञप्ति

- **एडीजी जोन द्वारा  डीआईजी बस्ती के साथ समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी।**
- **श्रावण मास/कांवड़ यात्रा, अपराध की समीक्षा कर संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 12.07.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के साथ पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनंदन व जनपद के अन्य समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ श्रावण मास/कांवड़ यात्रा,अपराध के दृष्टिगत सर्किट हाउस सभागार बस्ती में गोष्ठी की गयी । एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला,रुट डायवर्जन,बैरिकेडिंग,पार्किंग व श्रद्धालुओ के भीड़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां की समीक्षा कर संबधित को समस्त शेष कार्य समय से पूर्व पूर्ण करा लेने , सीसीटीवी लगाने, दो पहिया/चार पहिया वाहनों की अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था करने, महिला-पुरुष दर्शनार्थियों की प्रवेश व निकास हेतु अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करने, ड्रोन कैमरा से निगरानी करने,  किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य दल एवं एंबुलेंस सेवा को तैनात करने,जनपद/मंदिर परिसर को जोन व सेक्टर में विभाजित कर ड्यूटी लगाने आदि हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा अन्य सभी संबंधित विभागो के साथ  आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया  गया ताकि श्रद्धालुओं/ कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।

एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा अपराधों की समीक्षा कर लूट, चेन स्नेचिंग,नकबजनी,चोरी,वाहन चोरी,हत्या,बलात्कार,अन्य अपहरण, तस्करी आदि के संबंध में समीक्षा कर लंबित अभियोगों के निस्तारण,शत-प्रतिशत घटनाओं के अनावरण,आपरेशन कनविक्शन के तहत प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने, चोरी,वाहन चोरी, झपटमारी आदि में थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारी द्वारा अनिवार्य रुप से घटनास्थल का निरीक्षण करने,गुण्डा, गैंगेस्टर एक्ट आदि में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमप्रकाश सिंह , क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येन्द्र भूषण तिवारी , क्षेत्राधिकारी रुधौली सुश्री स्वर्णिमा सिंह, क्षेत्राधिकारी कलवारी श्री प्रदीप कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी हरैया श्री सुभाष सिंह आदि गोष्ठी में मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**




